भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1459
उत्तर देने की तारीख 31 जुलाई, 2024

दूरसंचार क्षेत्र में प्रशुल्क दरों का विनियमन

1459. श्री चरणजीत सिंह चन्नी
क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास दूरसंचार कंपनियों द्वारा प्रशुल्क दरों को विनियमित करने के लिए कोई विशिष्ट प्रावधान है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार के पास विगत दस वर्षों के दौरान दूरसंचार अथवा अन्य कंपनियों द्वारा उपभोक्ताओं के आंकड़ों के उल्लंघन के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने उक्त अवधि के दौरान आंकड़ों के उल्लंघन और आंकड़ों की बिक्री में लिप्त ऐसी कंपनियों के विरूद्ध कोई कार्रवाई की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) भारत में दूरसंचार सेवाओं के लिए टैरिफ विनियमन हेतु स्वतंत्र प्राधिकरण है। मौजूदा विनियामक टैरिफ प्रावधानों के अनुसार दूरसंचार सेवा के लिए टैरिफ फोरबियरेंस के अधीन है। तथापि नेशनल रोमिंग, ग्रामीण फिक्सड लाइन सेवाएं, मोबाइल नंबर पोर्टेबिलिटी प्रभार और लीज्ड सर्किट आदि जैसी

सेवाओं के लिए टैरिफ का विनियमन ट्राई द्वारा किया जाता है। ग्रामीण बैंकिंग सेवा से रहित फीचर फोन प्रयोक्ताओं में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए यूएसएसडी सेवाओं के लिए कोई टैरिफ नहीं लिया जाता है।

(ख) से (ग) वित्त वर्ष 2023-24 में दो घटनाओं और वित्त वर्ष 2024-25 में पांच घटनाओं की सूचना मिली है। उक्त घटनाओं में डेटा उल्लंघन के कारणों का पता नहीं लग पाया है। अतः सेवा प्रदाताओं पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

अनुबंध

रिपोर्टिंग की तिथि	**विवरण**
23.12.2023	रिपोर्ट से पता चला कि किसी थ्रेट एक्टर "पिरेल" ने "बीएसएनएल" के संभावित डेटा लीक से जुड़ी पोस्ट शेयर की है।
23.01.2024	सर्ट-इन ने सूचित किया कि साइबोडेविल नामक किसी थ्रेट एक्टर ने अंडरग्राउंड फोरम पर प्रोमोशन पोस्ट शेयर की जिसमें व्यापक भारतीय मोबाइल नेटवर्क कंज्यूमर डेटाबेस की बिक्री की पेशकश की गई थी।
20.05.2024	सर्ट-इन ने सूचित किया कि किसी थ्रेट एक्टर उर्फ "किबैरफेंटम" ने बीएसएनएल नियंत्रण में सर्वर तक अनधिकृत रूट सुपर-एक्सेस हासिल कर ली है।
05.07.2024	X प्लेटफार्म पर @digitaldutta ने पोस्ट शेयर की कि एयरटेल का डेटा बिक्री के लिए उपलब्ध है और इसे चीनी थ्रेट एक्टर द्वारा हैक किया गया है।
06.07.2024	एनसीआईआईपीसी ने सूचित किया कि ट्राई के नेटवर्क तक वीपीएन एक्सेस की एक्सप्लॉट्स फोरम पर बिक्री की जा रही है।
09.7.2024	एनसीआईआईपीसी ने सूचित किया कि टाटा टेली उपभोक्ताओं का पीआईआई डेटा डार्कनेट पर बिक्री के लिए उपलब्ध है।
19.07.2024	एनसीआईआईपीसी ने विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त इनपुट के आधार पर खुलासा किया कि टेलीकम्यूनिकेशन्स कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (टीसीआईएल) का 2 टीबी+ डेटा थ्रेट एक्टर द्वारा चोरी कर लिया गया है।

*****